हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 10 नवंबर 2025

06 जनजातीय गौरव पखवाड़ा में उत्साह से भागीदारी...



08 अनुकरणीय कार्य करने वालों का भजन गायक...





### पचमढ़ी में राहुल गांधी का जिला अध्यक्षों को संदेश

# 'गुटबाजी छोड़ो, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करो, जनता के प्रति जवाबदेही हों'

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने पचमढ़ी में चल रहे 'संगठन सृजन कार्यक्रम' के प्रशिक्षण शिविर में मध्य प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को दो टूक और सख्त संदेश दिया है। उन्होंने गुटबाजी पर सख्त रैवया अपनाते हुए इसे खत्म करने और संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने की बात कही।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने पचमढ़ी में चल रहे 'संगठन सृजन कार्यक्रम' के प्रशिक्षण शिविर में मध्य प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को दो टूक और सख्त संदेश दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी में गुटबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संगठन की ताकत बूथ स्तर तक पहुंचनी चाहिए। पचमढ़ी में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के बाद, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार देर शाम सभी जिला अध्यक्षों और उनके परिवारों के साथ एक सौहार्दपूर्ण डिनर किया। यह डिनर सिर्फ एक बैठक नहीं, बल्कि पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा जुड़ाव और उनके साथ आत्मीय पल बिताने का मौका था।

### ईमानदारी और जनता के प्रति जवाबदेही

राहुल गांधी ने नए जिला अध्यक्षों को पूरी ईमानदारी से काम करने और किसी भी तरह के ब्लैकमेल से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को जनता के बीच रहकर काम करना चाहिए और 2028 के विधानसभा चुनावों के लिए अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

### जिलाध्यक्षों से राहुल गांधी ने किया सीधा संवाद

राहुल गांधी का यह दो दिवसीय दौरा और उनका सीधा संवाद मध्य प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक सुधारों और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



### गुटबाजी पर सख्त चेतावनी:

राहुल गांधी ने पार्टी के नेताओं को एकजुट होकर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने साफ कहा कि गुटबाजी करने वाले और केवल 'एकला चलो' की नीति अपनाने वाले नेताओं के लिए पार्टी में कोई जगह नहीं है। उन्होंने जिला अध्यक्षों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि वे वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करें, लेकिन किसी भी सूरत में अधिकारों का दुरुपयोग न करें।

### संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना:

उनका मुख्य जोर पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर था। उन्होंने जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे सिर्फ कागजों पर काम न करें, बल्कि बूथ स्तर तक पहुंचें और छोटे से छोटे कार्यकर्ता का सम्मान करें। राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी की असली ताकत ब्लॉक और बूथ कमेटियों में निहित है।

### पानी की तलाश में घूम रहे हैं वन्य प्राणी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने दो दिवसीय पचमढ़ी दौरे के दौरान संगठन सृजन कार्यक्रम में भाग लेने के साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य का भी आनंद लिया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। राहुल गांधी शनिवार को पचमढ़ी पहुंचे और सीधे कांग्रेस के जिला संगठन सृजन कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं राहुल गांधी गांधी चौक पहुंचे। उन्होंने यहाँ स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और राष्ट्रपिता को नमन किया। यह राहुल गांधी के कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, जो उनकी विचारधारा और पार्टी के मूल्यों को दर्शाता है। राहुल गांधी का यह दौरा मध्य प्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा देने और कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने के उद्देश्य से देखा जा रहा है।

### मतदाता सूची पर विशेष ध्यान:

राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के काम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि मध्य प्रदेश में भी मतदाता सूची से नाम हटाए जा सकते हैं, जैसा कि अन्य राज्यों में हुआ है। उन्होंने जिला अध्यक्षों को इस प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखने और 'वोट चोरी' जैसे आरोपों से बचने की सलाह दी।

### कार्यकर्ताओं की सिफारिशों को महत्व:

सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों को अधिक राजनीतिक ताकत देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षों की सिफारिशों को भविष्य में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के टिकट वितरण में महत्व दिया जाएगा, बशर्ते चयन की प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी हो। राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों से सीधा संवाद कर संगठन को मजबूत करने की बात कही।

## जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं में नया जोश भरने का राहुल गांधी के प्रयास

### परिवार संग तस्वीरें, उपहारों का आदान-प्रदान



डिनर के दौरान राहुल गांधी ने लगभग सभी जिला अध्यक्षों के परिवार के साथ फोटो भी खिंचवाई, जिससे संगठन में एक पारिवारिक और अपनत्व का माहौल बना। जिला अध्यक्षों ने भी उत्साह के साथ उन्हें पारंपरिक उपहार भेंट किए, जो क्षेत्रीय संस्कृति और स्नेह का प्रतीक थे। इस दौरान राहुल गांधी काफी सहज और प्रसन्न दिखाई दिए।

### देसी व्यंजनों की तारीफ, जलेबी पर विशेष प्रेम



डिनर का मेन्यू मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग की इकाई होटल हाइलैंड्स द्वारा तैयार किया गया था, जिसमें देसी व्यंजनों पर विशेष ध्यान दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी ने खासकर मक्के की रोटी और चटनी की बहुत तारीफ की। भोजन में सादगी और स्वाद के इस मेल ने उनका मन मोह लिया। वहीं, मिठाई में गरमागरम जलेबी खाते हुए वह विशेष रूप से प्रसन्न दिखे। उनकी यह प्रसन्नता इस बात का संकेत थी कि उन्हें स्थानीय जायका बेहद पसंद आया।

### जंगल सफारी के लिए निकले राहुल गांधी



अगले दिन, रविवार को, राहुल गांधी ने सतपुड़ा के घने जंगलों की ओर रुख किया। उन्होंने जंगल सफारी का लुत्फ उठाया और पचमढ़ी के प्राकृतिक नजारों को करीब से देखा। उनका यह कदम व्यस्त राजनीतिक कार्यक्रम के बीच प्रकृति से जुड़ाव को दर्शाता है।

## अनियमित दस्तावेज के साथ संचालन पर बस का पंजीयन निरस्त

### पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में बिना फिटनेस और परमिट संचालित वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पिपरिया–बनखेड़ी मार्ग पर संचालित एक बस को बिना आवश्यक दस्तावेजों के संचालन करते पाए जाने पर जब्त कर बनखेड़ी थाने में खड़ा किया गया।

इसी प्रकार नर्मदापुरम सिवनी मालवा मार्ग पर जांच के दौरान पाया गया कि एक बस अरुणाचल प्रदेश से प्राप्त गलत एनओसी के आधार पर उज्जैन जिले में पंजीकृत की गई थी। वर्ष 2024 में स्वामित्व अंतरण के बाद उक्त बस का पंजीयन नर्मदापुरम जिले में स्थानांतरित किया गया था। दस्तावेजों की जांच में अनियमितता एवं दस्तावेजों की सत्यता संदिग्ध पाए जाने पर परिवहन विभाग द्वारा वाहन का पंजीयन निरस्त किया गया है। निरस्तीकरण की कार्रवाई के उपरांत बस को सिवनी मालवा थाने में खड़ा कराया गया है।

## पचमढ़ी में विभागों की समीक्षा बैठक संपन्न



**पचमढ़ी।** पर्यटन नगरी पचमढ़ी के विकास कार्यों और विभागीय समन्वय को लेकर रविवार, दिनांक 9 नवंबर 2025 को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिपरिया महोदय की अध्यक्षता में यह बैठक विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कार्यालय में प्रातः 11:00 बजे से संपन्न हुई। बैठक में पचमढ़ी स्थित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के प्रमुखों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इन विभागों में उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी (पीएचई), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), स्वास्थ्य विभाग, मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग, बिजली विभाग, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, महिला बाल विकास एवं महादेव मेला समिति के प्रतिनिधि शामिल थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य पचमढ़ी में चल रहे विकास कार्यों की गति की समीक्षा करना, महादेव मेला जैसी आगामी आयोजनों की तैयारियों का जायजा लेना और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। विभाग प्रमुखों ने दी जानकारी: आदेश अनुसार, सभी संबंधित विभाग प्रमुखों ने अपने-अपने विभाग से जुड़ी सुसंगत और अद्यतन जानकारी अनुविभागीय अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत की। विकास कार्यों पर जोर: विशेष रूप से, पर्यटक सुविधाओं के उन्नयन, बुनियादी ढांचे के विकास, और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा हुई। मेला की तैयारियों की समीक्षा: आगामी महादेव मेला के सफल आयोजन हेतु व्यवस्थाओं, सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियंत्रण की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) पिपरिया ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे सौंपे गए कार्यों को समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें।

## मुस्कान संस्था में सामाजिक सरोकारों से जुड़ा प्रेरक संगम, युवाओं का दल मिला बच्चों से

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



इंदौर की फैलोशिप कार्यक्रम के तहत जुड़े युवाओं का एक दल आज मुस्कान संस्था, इटारसी पहुंचा। इस दौरान युवाओं ने संस्था में संचालित विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की एवं संस्था में रह रहे बच्चों से आत्मीय संवाद स्थापित किया।

युवाओं ने बच्चों के साथ मिलकर गीत, नृत्य एवं मनोरंजक खेलों के माध्यम से दिन को यादगार बना दिया। संस्था के बच्चों ने भी अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए वातावरण को खुशियों से भर दिया।

इस अवसर पर संस्था के संचालक मनीष ठाकुर ने बच्चों एवं उपस्थित युवाओं को संस्था की कार्यप्रणाली, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनसेवा के विभिन्न पहलुओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे आगे चलकर समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम के अंत में कोऑर्डिनेटर बंसीका टाक ने संस्था परिवार की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे संवाद एवं अनुभव युवा पीढ़ी को संवेदनशीलता और समाजसेवा की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## 13 नवंबर को आयोजित होगा जिला स्तरीय रोजगार मेला

### बेरोजगार युवा उठा सकते हैं लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग (एमएसएमई), तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा युवाओं को स्व-रोजगार, रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से "युवा संगम – रोजगार मेला" का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त रोजगार मेला 13 नवम्बर 2025 (गुरुवार) को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक आयोजित होगा। रोजगार मेले का आयोजन शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिपरिया में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा किया जा रहा है। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियाँ एवं संस्थान भाग लेकर जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करेंगी।

मेला पूरी तरह निशुल्क होगा तथा चयन की प्रक्रिया स्थल पर ही संपन्न की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवश्यक दस्तावेज़, जैसे – बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, पहचान पत्र एवं पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लेकर उपस्थित हों।

## देश में सशक्त लोकतंत्र के लिए उपयोगी साबित होगा एसआईआर: विधायक डॉ शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी इटारसी मंडल एवं पुरानी इटारसी मंडल की संयुक्त मंडल कार्यशाला का आयोजन स्थानीय पत्रकार भवन में किया गया। कार्यशाला के पूर्व प्रत्येक बूथ एवं उनके सहयोगी नियुक्त किए गए।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा की एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण अभियान है जो सशक्त लोकतंत्र के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यशाला में समस्त बीएलए-2 को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं अभियान के विधानसभा प्रभारी जयकिशोर चौधरी ने विस्तार से अभियान के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझाया एवं मंडल स्तर पर बनाए गए। को मतदाता सूची के शुद्धिकरण, नाम जोड़ने, हटाने तथा सुधार से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला एवं नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे ने भी कार्यशाला में अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं एसआईआर अभियान के विधानसभा प्रभारी जयकिशोर चौधरी, जिला कार्यालय मंत्री प्रशांत दीक्षित, इटारसी मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, मनोज शर्मा, संगीता मालवीय, अर्जुन भोला, उपनिषद दुबे, नगर मंत्री गौरव बड़कुर , सुष्मिता दुबे, समस्त पदाधिकारी, मातृशक्ति एवं उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन नगर महामंत्री एवं अभियान के नगर संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने किया।

## काव्यगोष्ठी में कवियों ने बांधा समां, देर रात तक चला आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शनिवार को निशिगंधा साहित्य संगम का दीपावली मिलन एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन को संस्था के अध्यक्ष अमित गोलछा के निवास पर हुआ जिसमें देर रात तक कवियों ने प्रस्तुति दी।

काव्यगोष्ठी में महेश सोनी ,मंसूर खान भोपाल,मनोज साहू निडर,ब्रजेश त्रिवेदी,मनोज पाराशर,पुनीत नायर,शिवांक साहू, अरविंद दुबे,कौसर अली,अमजद रोशन खान , नसीर खान,अटल खंडेलवाल,शंकर लाल गुजर, ब्रजमोहन यादव,गिरजा शंकर यादव उपस्थित रहे काव्य गोष्ठी का संचालन सौरभ सोनी ने किया एवं आभार अमित गोलछा ने व्यक्त किया।

### विधिक सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

## न्याय के प्रति जागरूकता लाने विद्यार्थियों सहित आमजनों ने लगाई मैराथन सद्भावना दौड़, न्यायधीशों की भी रही सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा जबलपुर की निदेशक तृप्ति शर्मा, प्रधान एवं सचिव न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा, नागालैंड के मार्गदर्शन में 9 नवंबर 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के तहत सद्भावना दौड़ का आयोजन विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। प्रतियोगिता के रूप में आयोजित इस दौड़ में विभिन्न विद्यालयों, चर्चों और अन्य समूहों के लगभग 500 छात्र-छात्राओं और प्रतिभागियों ने भाग लिया। मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में प्रथम अंकुश धनवारे, द्वितीय ओमप्रकाश भलावी एवं तृतीय सौम्य परदेशी रहे। महिला वर्ग में प्रथम आयुषी सराठे, द्वितीय मनीषा उइके एवं तृतीय नितिशा भलावी रहीं।



आयोजन में विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश जफर इकबाल, द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश अभिनव कुमार जैन, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश शशि सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फिरोज अख्तर, न्यायाधीश/सचिव विजय कुमार पाठक, न्यायाधीश स्वाति कौशल, न्यायाधीश के. शिवानी, न्यायाधीश दिव्या मित्तल, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, हॉकी कोच खेल विभाग जयसिंह भदौरिया, जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह, पुलिस एवं प्रशासनिक विभाग, लीगल एड डिफेंस काउंसिल अधिवक्तागण एवं जिला न्यायालय के अधिवक्तागण आदि का सहयोग एवं सहभागिता रही।

कार्यक्रम की रूपरेखा जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह द्वारा तैयार की गई और न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी संस्थानों एवं विभागों का आभार व्यक्त किया गया।

## बेटियों को नर्मदापुर युवा मंडल ने दिया शक्ति शौर्य सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुर युवा मंडल का शक्ति शौर्य सम्मान व मिलन कार्यक्रम रविवार को हरदा बायपास पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान नर्मदापुर युवा मंडल की मातृशक्तियों ने अपने आगामी कार्यक्रम तय किए। नर्मदापुर युवा मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम में आत्मरक्षा के गुण सीखने वाली बजरंग व्यायाम शाला ग्वालटोली की 30 बेटियों का सम्मान किया गया। शौर्य का प्रशिक्षण लेनी वाली बेटियों व प्रशिक्षक पवन मौर्य, विशाल परमार का मैडल देखकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में अथिति जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भरतसिंह राजपूत , नर्मदापुर युवा मंडल अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल , भाजपा नेता हंस राय, पं. दिनेश तिवारी, इटारसी नपा उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, बिल्डर हरि शर्मा, लक्ष्मण सिंह बैस, संजीव मिश्रा उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दो बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत

**बैतूल।** चिचोली थाना क्षेत्र के धारागोहान गांव के पास शनिवार शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों मृतक एक ही गांव के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार, आमापठार के पास दो बाइक की जोरदार भिड़ंत हुई। इसमें एक बाइक सवार इमरत पिता भोला धुर्वे (54) की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार संजय पिता नवल उइके (20) को गंभीर अवस्था में शासकीय अस्पताल भीमपुर ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एएसआई संतोष रघुवंशी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि एक मृतक भीमपुर से गांव की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा गांव से भीमपुर की ओर। पुलिस ने दोनों मोटरसाइकिल जब्त कर मर्ग कायम किया और पंचनामा तैयार किया। दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम देर शाम भीमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने में लगी हुई है।

### राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने छात्रावासों का किया निरीक्षण

**बैतूल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त घुमंतु-अर्धघुमंतु कल्याण विभाग की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर का शनिवार को बैतूल आगमन हुआ। एक दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने पिछड़ा वर्ग छात्रावासों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास बैतूल का निरीक्षण किया, जहां रिनोवेशन कार्यों को मॉडल छात्रावास के रूप में विकसित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्राओं के कक्ष, वाई-फाई सुविधा, सोलर सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, उच्च गुणवत्ता की खेल एवं जिम सामग्री, मॉड्यूलर किचन तथा सुरक्षित बाउंड्री वॉल जैसी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

### अमृत -02 योजना के तहत नगरपालिका ने शुरू की तैयारी

# शहर को गंदे पानी से मिलेगी मुक्ति 101 करोड़ से बनेगा सीवरेज नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**शहर को गंदे पानी और खुले नालों की समस्या से स्थायी राहत दिलाने नगरपालिका ने तैयारी शुरू कर दी है। नगरीय प्रशासन से डीपीआर को सशर्त मंजूरी मिलने के बाद नगरपालिका ने ऑनलाइन टेंडर जारी कर दिए हैं। टेंडर खुलने प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू होने की उम्मीद है।**



अमृत-2 योजना के तहत बैतूल में 101 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज लाइन का काम होना है। जिसके लिए शासन से मंजूरी मिल गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत शहर के सभी वार्डो में सीजरेज अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई जायेगी और अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जायेगा। जिससे घरों से निकालने वाले निस्तार के गंदे पानी को रिसाइकिल कर दोबारा से उपयोग में लाया जायेगा। दरअसल शहर के 33 वार्डों में गंदे और निस्तारी के पानी की निकासी के लिए नालियों के निर्माण में काफी पैसा खर्च होता है। कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां नालियाँ ना होने या टूट फुट हो जाने से रहवासियों को मुसीबतें झेलना पडता है। ज्यादा परेशानी, नालियों के खुले रहने से उठानी पड़ती है। नालियां खुली होने से नालियों में कचरा तो एकत्रित होता ही है, साथ ही नालियों के जाम होने और गंदगी के कारण मच्छरों की समस्या भी उत्पन्न होती है। ऐसे में सीवरेज लाइन निर्माण के प्रोजेक्ट से नागरिकों को खुली नालियों से मुक्ति और शहर की जनता को गंदगी आदि से निजात मिल सकेगी। साथ ही स्वच्छ वातावरण भी मिल पायेगा।

#### बनेगा 16 एमएलडी क्षमता वाला बनेगा ट्रीटमेंट प्लांट

घरों के सेटिक टैंक और बाथरूम से निकलने वाले गंदे पानी को रिसाइकिल कर शुद्ध किए जाने के लिए 16 एमएलडी क्षमता का ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। यह ट्रीटमेंट प्लांट प्रतिदिन 1 करोड़ 70 लाख लीटर प्रदूषित पानी को रिसाइकिल कर शुद्ध करेगा, ताकि इसका उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा सके। ट्रीटमेंट प्लांट को इसलिए बड़ा बनाया जा रहा हैं ताकि भविष्य में यदि घरों की संख्या बढ़ती हैं या शहर का विस्तार होता हैं तो प्लांट का संचालन ठीक तरह से हो सके। इसके साथ ही परियोजना के पूर्ण होने पर माचना नदी में नालों का गंदा पानी गिरना बंद हो जाएगा।

#### शहर में 163 किमी बिछेगी पाइप लाइन

शहर के 33 वार्डों में करीब 163 किमी लंबी सीवरेज की पाइप लाइनों का जाल बिछाया जाएगा। शहर में 17 हजार 55 घरों के सेप्टिक टैंक और बाथरूम के गंदे पानी की निकासी के लिए कनेक्टिंग पाइप लाइन बिछाई जाएगी, जिसे सीवरेज की मेन लाइन से जोड़ा जाएगा। घरों से निकलने वाला यह गंदा पानी एक जगह एकत्रित कर उसे रिसाइकिल किया जाएगा। इससे जहां लोगों को गंदे पानी से होने वाली समस्याओं से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं शहर भी प्रदूषण से मुक्त होगा। रिसाइकिल के बाद पानी का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जा सकेगा। नपा सूत्रों के मुताबिक जो पानी रिसाइकिल होगा उसका उपयोग पेड़-पौधों, बगीचों को पानी देने के लिए किया जा सकता है।

#### शहर के तीन स्थानों पर बनेंगे पंपिंग स्टेशन

अमृत 2 योजना के तहत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के संचालन के लिए शहर में तीन अलग-अलग स्थानों पर पंपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। नपा के मुताबिक इन पंपिंग स्टेशनों में ग्रेविटी के जरिए गंदे पानी को पहुंचाया जाएगा। पंपिंग स्टेशनों में 200 हॉर्स पॉवर से ज्यादा की मोटरें लगी होंगे। इन मोटरों की मदद से गंदे पानी को पंप कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक भेजा जाएगा। जब यह पानी प्लांट में पहुंचेगा तो प्लांट की मदद से इस गंदे पानी को ट्रीट कर दोबारा से इस्तेमाल करने लायक बनाया जाएगा। ज्यादा पानी एकत्रित होने पर शुद्ध किए पानी को पौधा की सिंचाई की जायेगी या फिर नदी में छोड़ दिया जाएगा। इससे जहां लोगों को गंदे पानी से होने वाली समस्याओं से मुक्ति मिल जाएगी। वहीं शहर की प्रदूषण से मुक्त होगा।

#### शुरू होगी प्रक्रिया

अमृत-2 योजना के तहत शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने डीपीआर को शासन से मंजूरी मिलने के बाद नगरपालिका ने ऑनलाइन टेंडर कॉल कर दिए हैं। एक महीने बाद टेंडर खोले जाएंगे। जिसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी।

**- सतीश मटसेनिया,** सीएमओ नगपालिका बैतूल

### बालाजीपुरम में होगा कार्यक्रम

## मुंबई से आज बालाजीपुरम पहुंचेगी म्युजिकल टीम, अवार्ड शो कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बालाजीपुरम में मंगलवार को होने जा रहे भव्य अवार्ड शो के लिए तैयारियां युध्द स्तर पर जारी हैं। अवार्ड शो के लिए मुंबई से लाइव बैंड म्युजिकल टीम कल सोमवार को ही बालाजीपुरम आ जाएगी। गौरतलब है कि भारत के पांचवेधाम श्री रूकमणि बालाजी मंदिर बालाजीपुरम बैतूल मप्र में द जूडी अवार्ड फाऊंडेशन के व्दारा ऐसी किसी घरेलू महिला को एक लाख रूपये के अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा जिसने घर-परिवार के साथ समाज के लिए कुछ योगदान देने का प्रयास किया। इसके साथ ही नामांकित करने वाले को भी 25 हजार के इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में फाउंडेशन के संयोजक सुनील व्दिवेदी और रितेश शुक्ल ने बताया कि 11 नवंबर मंगलवार शाम को 5 बजे से द जूडी अवार्ड शो आरंभ होगा। इसमें मुंबई से आए सेंड आर्टिस्ट अपना प्रदर्शन करेगे। वहीं डाक्युमेंटरी भी दिखाई जाएगी। इसके साथ अवार्ड की घोषणा होगी और उसके बाद म्युजिकल शो होगा और फिर सभी के भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है। बालाजीपुरम के प्रमुख पुजारी असीम पंडा स्वामी ने बताया कि ठंड को देखते सभी के कुर्सियों की और अलाव की व्यवस्था की गई है। बालाजीपुरम संस्थापक सेम वर्मा ने सभी समाजसेवियों और विशेषकर महिलाओं से अपील की है कि विश्व के अपने तरह के इस पहले कार्यक्रम में अवश्य शामिल हों।

## जनजातीय गौरव पखवाड़ा में उत्साह से भागीदारी कर रहे नन्हे बच्चे



**सारनी।** केन्द्रीय विद्यालय सारनी में जनजातीय गौरव पखवाड़े के अंतर्गत प्राथमिक विभाग के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अद्भुत जोश और उत्साह के साथ भागीदारी की। उम्र में छोटे होने के बावजूद इन बच्चों का जज़्बा बड़ा दिखाई दिया। त्रिशा, सेजल, तमन्ना माकोड़े, परी, स्वर्णा, भविष्या और अनुष्का ने अपने उत्साह से वातावरण को जीवंत कर दिया। इनकी प्रस्तुतियों ने न केवल जनजातीय संस्कृति के प्रति सम्मान प्रकट किया बल्कि सभी में गर्व और प्रेरणा की भावना भी जगाई। नृत्य प्रस्तुति के निर्देशन और मार्गदर्शन का कार्य ब्राम्ही साहू और संगीत शिक्षक कांचन घाटोडे ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रशांत पैलवार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रजेश वर्मा तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

### संदीपनी विद्यालय में रंगोली, मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**बैतूल।** बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़ा के तहत सांदीपनी विद्यालय में रंगोली एवं मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी रंगोलियों और आकर्षक मेंहदी डिजाइनों से विद्यालय परिसर मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। प्राचार्य ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना और जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों एवं जीवन से प्रेरणा लेने की भावना को प्रोत्साहित करना था।

### 365 रुपए प्रति क्विंटल पर होगी शुरुआत

## श्रीजी शुगर एंड पावर ने घोषित किए गन्ना खरीदी दर

**बैतूल।** जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। श्रीजी शुगर एंड पावर प्रा. लि. सोहागपुर बैतूल ने आगामी पेराई सत्र 2025-26 के लिए गन्ना खरीदी दरों की घोषणा कर दी है। कंपनी ने गन्ने की कीमतों में आने वाले महीनों में में भी बढ़ोतरी के साथ चरणबद्ध दरें तय की हैं। प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष का पेराई सत्र 13 नवंबर से प्रारंभ होने से 30 नवंबर 2025 तक गन्ने की खरीदी 365 रुपये प्रति क्विंटल की दर से शुरू होगी। इसके बाद हर माह दरों में बढ़ोतरी करते हुए कंपनी ने निम्नानुसार दरें घोषित की हैं। 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 370 रुपये प्रति क्विंटल, 1 जनवरी से 31 जनवरी 380 रुपये प्रति क्विंटल, 1 फरवरी से 28 फरवरी 390 रुपये क्विंटल, 1 मार्च से 14 मार्च 400 रुपये प्रति क्विंटल और 15 मार्च से पेराई सत्र की समाप्ति तक 410 रुपये प्रतिक्विंटल किसानों को मिल गेट पर गन्ना पहुंचाने पर दाम मिलेंगे। कंपनी के अनुसार दरों के अनुसार भुगतान मिल गेट पर सुनिश्चित किया जाएगा। किसानों से अपील की गई है कि वे कटाई से पहले अपने निर्धारण के अनुसार अनुमति अवश्य प्राप्त करें और गन्ने की फसल ओने-पोने दामों पर बेचने से बचें। श्रीजी शुगर एंड पावर प्रा. लि. सोहागपुर, सापना डेम के पास स्थित है और हर वर्ष बड़ी संख्या में किसानों से गन्ना खरीदी करती है। श्रीजी शुगर एंड पावर प्रा लिमिटेड के संचालक अभिषेक गोयल ने बताया कि गन्ना का बेहतर उत्पादन पाने के लिए किसानों को गन्ने की उन्नत किस्म का बीज नई वैज्ञानिक तकनीक से बोना चाहिए। शुगर मिल प्रबंधन के द्वारा किसानों को उन्नत बीज के साथ बुवाई और प्रबंधन का मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाता है। किसान मिल प्रबंधन की बेहतर सलाह से बुवाई कर प्रबंधन करें।

## जय स्तंभ पर बैनर पोस्टर खड़ा करने से लोगों में नाराजगी



**बैतूल/चिचोली।** चिचोली के जय स्तंभ पर पोस्टर-बैनर लगाने से लोगों में नाराजगी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि चिचोली का जय स्तंभ चौक, केवल एक चौराहा नहीं, बल्कि गौरवशाली स्वतंत्रता संग्राम की यादों का प्रतीक है। यह वह पावन स्थल है जो हमें उन वीर बलिदानियों की गाथा सुनाता है, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। लेकिन, दुर्भाग्यवश, पिछले कुछ समय से इस ऐतिहासिक और पूजनीय स्थान की गरिमा पर लगातार आंच आ रही है। इन दिनों यह देखने में आ रहा है कि शहर के युवा नेता, राजनैतिक महत्वाकांक्षा से प्रेरित होकर इस स्तंभ पर और इसके आस-पास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अपने जन्मदिन, दिवाली की शुभकामनाएं या अपने स्वागत के पोस्टर और होर्डिंग्स लगा रहे हैं, जो कि जय स्तंभ के मूल उद्देश्य का सीधा अपमान है। यह स्थल नेताओं की व्यक्तिगत ब्रांडिंग या त्योहारों की शुभकामनाएँ देने के लिए नहीं है।

### ऑल इंडिया महिला क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू, मंत्री कृष्णा गौर ने किया शुभारंभ

## बेटियां देश का गौरव बढ़ा रही हैं: मंत्री कृष्णा गौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



रविवार को संस्था पंख द्वारा आयोजित ऑल इंडिया व्हाइट लेदर बॉल महिला क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर ने किया। यह टूर्नामेंट बैतूल के एनसीए ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष माया नारोलिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और केंद्रीय मंत्री डीडी उइके विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैतूल में पहली बार महिलाओं का यह अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देश की आठ टीमें भाग ले रही हैं। यह मध्यप्रदेश का चौथे स्तर का टूर्नामेंट है, जिसमें झारखंड, नागपुर विदर्भ, जबलपुर, सागर, इंदौर, नर्मदापुरम और डिंडोरी की आठ महिला टीमें शामिल हैं। इस आयोजन में जिला क्रिकेट एसोसिएशन का भी सहयोग प्राप्त हुआ। राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल के क्षेत्र में महिलाएं लगातार आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब भारत की बेटियों ने इतिहास रचा है, पूरा देश गौरवान्वित हुआ है। गौर ने कहा कि भारत की बेटियां केवल रसोई तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे विश्व स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने में पूरी तरह सक्षम हैं। उन्होंने खेल को आत्मबल और आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम बताया, जो नई ऊंचाइयों को छूने में सहायक होता है। मंत्री ने यह भी कहा कि देश में खेलों के लिए स्वर्णिम दौर शुरू हो गया है। नई खेल अकादमियां और स्टेडियम तैयार किए जा रहे हैं, जिससे खिलाडिय़ों का भविष्य उज्ज्वल होगा।

कार्यक्रम में महिला मोर्चा अध्यक्ष माया नारोलिया ने इस टूर्नामेंट को समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश देने वाला बताया। केंद्रीय मंत्री डीडी उइके ने नारी शक्ति के सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि जहां महिलाओं का आदर होता है, वहीं सभ्यताएं आगे बढ़ती हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि भारत अब खेलों में भी नई ऊंचाइयों को छू रहा है और महिला क्रिकेटर विश्व स्तर पर देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने बैतूल में भी बड़ी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। आयोजन समिति की नीलम वागदरे ने बताया कि यह पहली बार है जब महिलाओं का अखिल भारतीय टूर्नामेंट बैतूल में आयोजित किया जा रहा है। अंत में, पंख संस्था की संचालिका ऋतु खंडेलवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ग्राम पातरी में ग्रेवल मार्ग निर्माण से ग्रामीणों को मिली राहत

**बैतूल।** भीमपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत पातरी में अब ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। ग्राम पातरी में आमडोल से प्रधानमंत्री सडक़ तक ग्रेवल मार्ग के निर्माण से लोगों को बड़ी राहत मिली है। पूर्व में यह सडक़ कच्ची होने के कारण बरसात के दिनों में पानी भरने और गड्ढे बनने से आवागमन बेहद कठिन हो जाता था। ग्रामीणों, किसानों और विद्यार्थियों को रोजमर्रा की आवाजाही में काफी दिक्कतें झेलनी पड़ती थीं। कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैतूल ने बताया कि यह मार्ग भैंसदेही विधायक महेन्द्र सिंह चौहान की अनुशंसा से मुख्यमंत्री ग्राम सडक़ एवं अवसंरचना मद से 2023-24 में 25 लाख 15 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया था। निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैतूल रही।

### बाधित हो सकती है पेयजल व्यवस्था, चार करोड़ से ज्यादा का भुगतान बाकी

# बिजली कंपनी के बाद अब जलावर्धन कंपनी की नपा को चेतावनी

## आधे से ज्यादा शहर में बन सकते हैं जलसंकट के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

अभी कुछ दिनों पहले बिजली कंपनी ने भुगतान का हवाला देकर शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों की बिजली काटने की धमकी दी थी, ये मसला अभी पूरी तरह सुलझा भी नहीं है कि शहर के आधे इलाके को पेयजल आपूर्ति कर रही जलावर्धन कंपनी ने भुगतान नहीं होने पर पेयजल आपूर्ति रोकने की बात कही है। अब इसे नपा चेतावनी माने या धमकी मानकर भी विचार कर सकती है। कंपनी से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया है कि नपा द्वारा कंपनी के रखरखाव संबंधी भुगतान की राशि, जो लगभग चार करोड़ से ज्यादा है, नगर पालिका द्वारा उसका भुगतान नहीं किया गया है। करोड़ों की राशि का दावा कर रही जलावर्धन कंपनी का कहना है कि बीते कुछ वर्षों में कंपनी को मिलने वाली रखरखाव की राशि नहीं मिल पाने से कंपनी को बिजली का बिल कर्मचारियों का वेतन सहित अन्य तमाम खर्चों के लिए मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है।




#### नपा सहित जिला कलेक्टर को लिखा पत्र

जलावर्धन कंपनी ने बताया है कि इस बारे में स्थानीय नपा अधिकारियों के अलावा मामले की लिखित जानकारी जिला कलेक्टर को भी दी जा चुकी है, किंतु दिन ब दिन गुजरने के बाद भी कोई निराकरण नहीं किया जा रहा है। ऐसे हालातो में आर्थिक अनियमिता से जूझ रही जलावर्धन कंपनी को मजबूरी में अपना काम बंद भी करना पड़ सकता है। कंपनी के अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जलावर्धन कंपनी का भुगतान नहीं होने पर पेयजल आपूर्ति रोकी जा सकती है। अगर ऐसा हुआ तो शहर को लालवाड़ी स्थित जलाशय से प्रतिदिन मिलने वाला लगभग 25 लाख लीटर पानी, नगर पालिका को मिलना बंद हो जाएगा और लगभग समूचे शहर को पेयजल संकट से जूझना भी पड़ सकता है। हालांकि अभी शहर में एक दिन के अंतराल से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

#### उपभोक्ताओं से राशि नहीं वसूल पा रही नपा

नपा आमला में कभी बिजली, तो कभी पानी, तो कभी निरंतर चल रही मूलभूत सुविधाओं की कमी के मुद्दे के कई कारण है। अब इसकी अनेकों वजह हो सकती है, लेकिन एक बात तो बिल्कुल साफ है कि नपा आमला में तमाम करों आदि की वसूली के मामलों में नपा हमेशा फिसड्डी साबित होती रही है, जिससे नपा में आर्थिक हालात बिगड़ते रहे हैं। इस संबंध में नपा के जल शाखा विभाग के जानकारों का कहना है कि शहर में लगभग 6500 से ज्यादा नल कनेक्शन है और ऐसे उपभोक्ताओं से राशि वसूल नहीं किए जाने से नपा में हालत बिगड़ रहे हैं।

#### चर्चा की जाएगी

*मामला गंभीर है। इसे कल ही नगरपालिका के अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करके चर्चा की जाएगी।*

***-जीआर देशमुख,*** *नगरपालिका अधिकारी, आमला*

*जलावर्धन कंपनी द्वारा इस मामले में हमें सीधे कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। कल पीआईसी की बैठक है, इस मामले को प्राथमिकता के साथ बैठक में लिया जाएगा।*

***- नितिन गाडरे अध्यक्ष,*** *नगरपालिका आमला*

### पिपरिया पमरे विभाग द्वारा जबलपुर मंडल के नागरिकों को दी गई सुविधा

# रेलवे स्टेशन पर पुराने फुट ओवर ब्रिज स्थाई रूप से बंदकर नया हुआ प्रारंभ

**पिपरिया पश्चिम मध्य रेलवे विभाग द्वारा जबलपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले पिपरिया रेलवे स्टेशन पर पैदलपुल जो पिपरिया स्टेशन के इटारसी छोर पर नवीनतम फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया पश्चिम मध्य रेलवे विभाग द्वारा जबलपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले पिपरिया रेलवे स्टेशन पर पैदलपुल जो पिपरिया स्टेशन के इटारसी छोर पर नवीनतम फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। इसलिए दिनांक 9/11/25 दिन रविवार को जबलपुर छोर स्थित पुराने फुट ओवर ब्रिज को स्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। अत्यधिक मात्रा में जर्जर हो जाने के कारण । धर्मेंद्र सिंह जबलपुर के अनुसार मंडल जनसंपर्क अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्तमान में यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों से आग्रह किया गया है कि अब पुराने फुट ओवर ब्रिजका उपयोग न करें नई फोटो ओवर ब्रिजसे ही आवागमन प्रारंभ करें। इसलिए भी लोगों को असुविधा हो रही है की पुराना फोटो ओवर ब्रिज शहर के करीब एवं बीच में था। नया वाला रैंक पाइंट के पास है। काफी दूर तक कोई बाहन नहीं है। हम्माल जनोंके कारण भी महिलाओं को लेकर सुरक्षा तैयारिया तेज करनी होगी।तथा पुराने ओवर ब्रिज पर लिफ्ट लगी हुई थी। पचमढ़ी बस स्टैंड भी पास था। जनता ने सुविधा प्रारंभ करने की मांग कीहै।

रेलवे परिसर में इस समय अमृत भारत योजना के अंतर्गत सौंदर्यीकरण का कार्य भी चल रहा है। इसके तहत पचमढ़ी साइड पर प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग द्वार बनाए गए हैं। परिसर में पक्की आरसीसी सड़क और टाइल्स युक्त फुटपाथ भी बनाई गई है।

#### खाद का नियमित वितरण कराने के निर्देश

पिपरिया रेलवे स्टेशन का अंग्रेजों के जमाने का यात्री फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) काफी कमजोर हो चुका है। इसे तोड़कर जल्द ही एक नए पुल का निर्माण शुरू किया जाएगा। इस पुल पर 9 नवंबर से यात्रियों का आवागमन बंद कर दिया गया है और वैकल्पिक फुट ओवर ब्रिज का उपयोग शुरू हो गया है। रेलवे सीनियर सेक्शन इंजीनियर चंद्र मौलेश्वर ने रविवार को बताया कि इस पुल की कार्यशीलता अवधि समाप्त हो चुकी है। विभाग ने इसे आवागमन के लिए अयोग्य मानते हुए तोड़ने के आदेश जारी कर दिए हैं। पिपरिया शहर स्टेशन के दोनों ओर बसा होने के कारण यह पुल आम नागरिकों के लिए भी महत्वपूर्ण था। इसलिए रेलवे ने इसके स्थान पर 12 मीटर चौड़ा नया पैदल पुल स्वीकृत किया है। इस नए पुल में लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा भी होगी।

## बेटियां देश का भविष्य हैं, सशक्त बनाना हम सबकी जिम्मेदारी हैः विधायक प्रेमशंकर वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



महिला एवं बाल विकास परियोजना सिवनी मालवा के अंतर्गत 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान पर आधारित परियोजना स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक प्रेम शंकर वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन, एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के सहायक संचालक संजय जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष वरुण पटेल, जनप्रतिनिधि रघुवीर राजपूत सहित अनेक गणमान्य अतिथि भी शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन सुचित्रा राजावत एवं मीनाक्षी लोवंशी द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान बालिकाओं ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' थीम पर आधारित कविता, स्वविचार एवं गीत प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। साथ ही पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

रीना उपाध्याय द्वारा बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य एवं करियर काउंसलिंग पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। सत्र के दौरान बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं संपूर्ण विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सहायक संचालक संजय जैन ने अपने मार्गदर्शन में जेंडर समानता, बाल विवाह, भ्रूण हत्या एवं जन्म के समय लिंगानुपात जैसे गंभीर विषयों पर जागरूकता प्रदान की।

उन्होंने कहा कि समाज में समानता तभी संभव है जब बेटियों को बराबरी का अवसर मिले। मुख्य अतिथि विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि "बेटियां केवल परिवार की नहीं, बल्कि देश की असली शक्ति और भविष्य हैं। हमें उन्हें शिक्षा, आत्म-सम्मान और जीवन कौशल से सशक्त बनाना चाहिए।" उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभिभावक का कर्तव्य है कि वह अपनी बेटी को आगे बढ़ने के हर अवसर में सहयोग दे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया तथा मेधावी बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बालिकाओं के पालकों को 'गौरव पत्र' प्रदान कर उनका भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में परियोजना स्टाफ एवं पर्यवेक्षकों — रेखा यदुवंशी, आसमा खान, निशा साध, सारिका साध, सुकीना अशवारे, सोनिया सैनी एवं चंद्रकला — का विशेष योगदान रहा। अंत में प्रभारी परियोजना अधिकारी शकुंतला गौर ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

### कॉलेज में मनाई गई बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती



**पिपरिया।** शहीद भगत सिंह महाविद्यालय के परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की 150वी जयतीके अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें लगभग 5दिवसीय समागम शुरू किया गया।9/11/25को चौथे दिवस पर शहीद भगतसिंह कालेज के प्राचार्य डॉ राजीव महेश्वरी के मार्गदर्शन में विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के तत्वाधान में प्रकोष्ठ प्रभारी डा अनिता सेन केसहक्योग से भाषण प्रतियोगिता का आयोजनकिया। कार्यक्रममे प्रशासनिकअधिकारी डा एस के मेहरा एस के बघेल ए.के.राकेशिया, कैलाश नामदेव सहित सभी स्टाफके लोग उपस्थित रहे। सभी ने अपने उद्बोधन में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डाला।

## पिपरिया में विधिक सेवा सप्ताह न्यायोत्सव का हुआ शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र में दिनांक 9 नवंबर से 14 नवंबर तक सप्ताहिक विधिक सेवा सप्ताह दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। जिसमें राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण समिति द्वारा शुभारंभ किया गया। जिसमें बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में 9नबबंर से 14नबबंर2025तक सेवा पखवाड़ेके मनाया जाना है। जिसका उद्देश्य मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम दारा संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार करना वा योजना का लाभ आम आदमी को तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन जेल, स्कूल, महाविद्यालय ग्राम पंचायत, श्रमिक बस्ती में किया जाएगा।इस दौरान पिपरिया न्यायालय के सभी पदाधिकारी न्यायधीशों के उपस्थित रहे। शुभारंभ किया गया।

## कॉलेज में हुआ वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों को दिए प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



एसडीएम महाविद्यालय सिवनी मालवा में साप्ताहिक गतिविधियों की श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था — "मोबाइल की उपयोगिता और उसके दुष्परिणाम"। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बौद्धिक, तार्किक और अभिव्यक्तिक कौशल को विकसित करना था। कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्री अनूप बार्वे द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में शिवानी यदुवंशी, मंताशा बी, वैभव साहू, कशिश व्यास सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने जहां एक ओर मोबाइल को आधुनिक युग की आवश्यकता बताया, वहीं दूसरी ओर इसके दुष्प्रभावों पर भी गंभीर तर्क प्रस्तुत किए। उनके बीच तर्क-वितर्क और खंडन-प्रतिखंडन से माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में श्रीमती प्रीति शुक्ला और श्रीमती नेहा पाणिकर शामिल रहीं, जिन्होंने प्राचार्य श्री राजेश कुशवाहा के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। निर्णय परिणाम में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा कशिश व्यास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बीबीए प्रथम वर्ष के वैभव साहू द्वितीय स्थान पर रहे। प्राचार्य कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि "मोबाइल एक दोधारी तलवार की तरह है — यह हमें शिक्षा, मनोरंजन और संचार के माध्यम से दुनिया से जोड़ता है, लेकिन इसके अति-उपयोग से स्वास्थ्य, अध्ययन और सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए आवश्यक है कि हम इसका उपयोग समझदारी और संतुलन से करें।" कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक रघुवंशी ने की मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी ने माँ नर्मदा की पैदल परिक्रमा की शुरुआत डोलरिया तहसील के खोकसर घाट से की।

माँ नर्मदा की आराधना, भक्ति और आशीर्वाद के साथ प्रारंभ हुई यह पुण्य यात्रा शनिवार को हरदा जिले के चिचोड़ कुटी पहुँचकर आगे बढ़ी। परिक्रमा आरंभ के साथ ही पूरे मार्ग में "जय नर्मदे हर" के जयघोष गूंजते रहे और वातावरण श्रद्धा एवं आस्था से सराबोर हो गया। पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी ने यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कहा कि माँ नर्मदा की पैदल परिक्रमा जीवन का एक अद्वितीय और पवित्र अनुभव है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आध्यात्मिक साधना, आत्मशुद्धि और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। माँ नर्मदा मध्य भारत की जीवनरेखा हैं, और उनकी परिक्रमा करना प्रत्येक भक्त के लिए परम सौभाग्य की अनुभूति है। यात्रा के दौरान परिक्रमा दल नर्मदा तट के प्रत्येक घाट पर रुककर आरती, भजन और ध्यान करता है।

## रक्तदान सबसे बड़ा मानव धर्मः रितेश जैन ने गंभीर मरीज को बचाने के लिए दी अमूल्य सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



रक्तदान महादान है, इससे बड़ा कोई धर्म नहीं हो सकता यह पंक्ति सिवनी मालवा नगर पालिका अध्यक्ष रितेश (रिंकू) जैन ने अपने कर्म से साकार कर दिखाई। दरअसल, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे नर्मदापुरम से लौट रहे थे।

इस दौरान डोलरिया के पास पहुंचने पर उन्हें कॉल आया कि एक मरीज की हालत बेहद नाजुक है और तुरंत O- ब्लड की आवश्यकता है। यह ब्लड ग्रुप अत्यंत दुर्लभ होने के कारण तत्काल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। जैसे ही रिंकू जैन को यह जानकारी मिली, उन्होंने बिना देर किए वाहन मोड़ा और लगभग 25 किलोमीटर पीछे जाकर नर्मदापुरम जिला चिकित्सालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्वयं O- ब्लड दान किया। उनकी तत्परता से मरीज का जीवन सुरक्षित किया जा सका। जिला अस्पताल के शेर सिंह भैया ने बताया कि रिंकू जैन अब तक 40 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। रिंकू जैन ने कहा, "रक्तदान जीवनदान है। यदि हमारे थोड़े से प्रयास से किसी की साँसें चलती रहती हैं, तो यह सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। हर सक्षम व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए — यह समाज और मानवता के प्रति हमारा नैतिक दायित्व है।" रिंकू जैन की इस मानवता और संवेदनशीलता ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि सच्चा समाजसेवक वही है जो समय आने पर निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करे।

## आगामी कार्यों को लेकर यादव समाज की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

यादव समाज के सदस्यों को एकजुट करने और उनके बीच आपसी सहयोग और समझ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्रीकृष्ण यादव समाज कल्याण समिति निरंतर प्रयासरत है। इसको लेकर समिति द्वारा वर्ष भर विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। साथ ही प्रत्येक माह बैठक आयोजित कर आयोजन के गुण-दोषों की समीक्षा सर्वयदुजनों की उपस्थिति में किए जाते हैं। बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और आगामी कार्यक्रम आयोजित करने निर्णय लिए गए। इसी क्रम में रविवार को श्रीकृष्ण यादव समाज कल्याण समिति द्वारा सर्व यादव समाज की संयुक्त बैठक रविवार की शाम को श्रीयादव भवन में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। बैठक में उपस्थित यदुजनों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष आरके यादव ने मासिक आय-व्यय पर चर्चा की एवं भविष्य के लिए योजना बनाई। श्रीयादव भवन में नवनिर्माण और सुधार कार्यों के लिए प्रस्ताव रखे गए। वहीं विगत दिनों आयोजित हुए गोवर्धन पूजा उत्सव के गुण दोषों की समीक्षा करते हुए आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 23 जनवरी को श्रीकृष्ण विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

## शासन की बड़ी लापरवाही सरकारी जमीन पर बने मकानों को भी दे दिया आवासों का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना की धज्जियां उड़ाई जा रही है। सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान दुकान बनाने वाले लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठा रहे हैं। पंचायत के सचिव रोजगार सहायक सरपंच मनमानी कर रहे हैं।ऐसा ही मामला खापरखेड़ा पंचायत को सामने आया है।

जिसमें कब्रिस्तान की भूमि तथा श्मशान घाट की भूमि पर लगभग 11लोगो नै अतिक्रमण पक्का किया गया है। तथा उन लोगों को पी,एम,आवास योजना का लाभ उठा रहे हैं। जबकि इन लोगों को कोईसुविधा नहीं दी गई है। पट्टे वितरित नहीं किए गए हैं। लेकिन उसके बाद भी आवास योजना का लाभ दिया गया है पटवारी सहित अन्य लोगों के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं हुई है।इस विषय पर खापरखेड़ा सचिव रोजगार सहायक सरपंच ने वर्ष 2016मे पदस्थ रहे सचिव रोजगार सहायक के द्वारा अपात्र लोगों को आवास दया गया है। लेकिन अभी तक किसी भी सरकारी संपत्ति पर मकान दुकान बनाने को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हुई थी।

## जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन



हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के तहत जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव की अध्यक्षता में वंदे मातरम गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सहित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाया गया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के तहत 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक विशेष अभियान संचालित करते हुए विविध सांस्कृतिक, सामाजिक एवं जनभागीदारी आधारित कार्यक्रम एवं समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

यह अभियान राष्ट्रगीत वंदे मातरम की ऐतिहासिक भूमिका, भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इसके योगदान तथा देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक चेतना में इसके स्थायी महत्व को जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जानी महिमा

# समाज सेवा करने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



मप्र जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य का अध्ययन करवाया जाता है। इसके तहत प्रति रविवार कुसुम महाविद्यालय बानापुरा में बीएसडब्ल्यू तथा एमएसडब्ल्यू कक्षा का संचालन होता है। कक्षा में जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी तथा नर्मदापुरम जिला समन्वयक पवन सहगल ने विद्यार्थियों से चर्चा की।

परिषद का परिचय देते हुए विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक कार्य संबंधी जानकारियां प्रदान की। कोर्स का अध्ययन करने तथा अपने प्रयोगशाला ग्राम में समाज कार्य की गतिविधियां आयोजित करके नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर मार्गदर्शन दिया। तात्कालिक विषयों पर विचार विमर्श करते हुए विद्यार्थियों को अपने देश, संस्कृति, समाज के प्रति कार्य करते रहने की प्रेरणा दी।

साथ ही वर्ष 2025 में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे हुए हैं। बंकिमचंद्र चटर्जी द्वारा रचित हमारा राष्ट्रीय गीत ₹वंदे मातरम₹ अक्षय नवमी के पावन अवसर पर, 7 नवंबर 1875 को लिखा गया था। इसके सम्मान में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक, वर्ष भर चलने वाले राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव मनाया जाएगा।

यह भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने और आज भी राष्ट्रीय गौरव और एकता का अलख जगाने वाली कालातीत रचना के 150 वर्ष पूरे होने का उत्सव है। इस अवसर पर सभी ने वंदे मातरम का गायन करके जयकारे का उद्घोष किया। विकासखंड समन्वयक हरिदास दायमा के मार्गदर्शन में परामर्शदाता रघुवीर मालवीय, ईश्वर विश्नोई, सेवनदास लौवंशी, श्यामा रघुवंशी, नम्रता गौर व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी से कांग्रेस जिलाध्यक्ष पांडेय के परिवार ने की भेंट




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में संगठन सृजन के तहत जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर के दौरान अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पचमढ़ी आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने नर्मदापुरम जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे के परिवार से मुलाकात की।

तत्पश्चात श्री पांडेय के परिवारजनों ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह से भेंट की ।

खबर संक्षेप

## जनपद परिसर में सामूहिक वंदेमातरम गीत गान संपन्न



**बागली।** राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150 वी जयंती वर्ष में सामूहिक राष्ट्रीय गीत गान की श्रृंखला में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार जनपद पंचायत परिसर में खंड स्तरीय समूह गान स्कूली बच्चों की उपस्थिति में पंचायत अधिकारी कौशल जोशी के मार्गदर्शन तथा संदीपनी स्कूल के प्राचार्य प्रकाश डाबी, छात्रावास अधीक्षक महेश आस्के, शिक्षक विलाम वास्केल, तुलसी परमार,दीपक परिहार, ललित तिवारी, शिक्षिका योगी आदि के सहयोग से संपन्न हुआ। संचालन संकुल सहसमन्वयक वारिस अली ने किया तथा आभार जोशी ने माना। इस अवसर पर गुलजारी लाल बाथरी,अजय यादव, शुभम यादव आदि का सराहनीय सहयोग रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने योजनाओं की समीक्षा की

**देवास।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में जनपद पंचायत सभाकक्ष देवास में बाल वाटिका, एक बगिया माँ के नाम एवं अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा समस्त ग्राम पंचायत में 10 दिवस के भीतर बाल वाटिका निर्माण कार्य को गुणवंतपूवक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## 33 केवी लाइन से करंट लगा, झुलसा युवक

**देवास।** शिखरजी धाम में शनिवार को एक युवक को 33 केवी बिजली लाइन से करंट लग गया। हादसे में युवक करीब 35 फीसदी झुलस गया। जानकारी अनुसार, यह घटना तब हुई जब युवक दीपावली पर घर पर लगाई गई बिजली सिरीज निकालने के लिए अपने एक साथी के साथ छत पर गया था। इसी दौरान छत के समीप से गुजर रही 33 केवी बिजली लाइन में अचानक फाल्ट हो गया। पीड़ित की पहचान राहुल प्रजापति (निवासी उज्जैन, हालमुकाम देवास ) के रूप में हुई है।

### मंत्री पटेल ने उपचाररत मरीजों, उनके परिजनों और चिकित्सकीय स्टाफ से बातचीत की

# लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री ने सिविल अस्पताल कन्नौद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खातेगांव का किया निरीक्षण





**कन्नौद बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा और सीएचसी खातेगांव के डॉ. तुषार गुप्ता ने मंत्री पटेल को अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सेवाओं की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शनिवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा सिविल अस्पताल कन्नौद एवं खातेगांव का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक मौजूद रहीं। मंत्री पटेल ने सिविल अस्पताल कन्नौद में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं एवं जनसुविधाओं का निरीक्षण कर उपचाररत मरीजों, उनके परिजनों और चिकित्सकीय स्टाफ से बातचीत की। मंत्री पटेल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में एवं माननीय मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार नागरिकजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। कन्नौद बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा ने बताया कि माननीय मंत्री द्वारा अस्पताल में मरीजों को दी जा रही सेवाओं का सूक्ष्म रूप से निरीक्षण कर ओपीडी, मेडिसिन वितरण, पैथोलॉजी लैब , जनरल वार्ड, मेटरनिटी वार्ड, लेबर रूम आदि का निरीक्षण कर अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान मरीजों की सुविधा हेतु किए जाने वाले अन्य कार्यों के लिए बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा द्वारा अवगत कराया। मंत्री द्वारा अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं दी जा रही सुविधाओं के लिए संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान एक मरीज के द्वारा अस्पताल के बाहर चप्पल उतार कर प्रवेश करने पर उनका फूलमाला एवं शॉल से मंत्री जी द्वारा स्वागत किया गया व कहा गया कि अस्पताल में ऐसा व्यवहार सभी रोगी करने लगें तो अस्पताल में स्वच्छता रहेगी व अस्पताल मंदिर बन जाएगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खातेगांव के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. तुषार गुप्ता ने बताया कि मंत्री द्वारा खातेगांव में निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य के गुणवत्ता पूर्ण होने पर संतुष्टि जताई। पोषण पुनर्वास केंद्र के निरीक्षण के दौरान 12 बच्चे अपनी माताओं के साथ भर्ती पाए गए।

उन्होंने भर्ती बच्चों की माताओं से चर्चा की एवं मिल रहे उपचार की जानकारी ली तथा संतोष व्यक्त किया। चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधाओं का लाभ ले रहे मरीजों से चर्चा कर मिल रहे उपचार की जानकारी ली एवं संतुष्टि व्यक्त की। उन्होंने मरीजों की रिपोर्ट का भी अवलोकन किया एवं रिपोर्ट समय पर मिलने की व्यवस्था के प्रति संतुष्टि जताई। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों से भी चर्चा की। उन्होंने दवाई वितरण कक्ष का अवलोकन किया एवं मरीजों से मिल रही दवाई के संबंध में जानकारी ली। दवाई की पर्याप्त उपलब्धता के संबंध में सीएमएचओ डॉ बेक एवं बीएमओ खातेगांव डॉ. तुषार गुप्ता से जानकारी ली। पटेल ने एनआरसी के निरीक्षण के दौरान फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर पल्लवी शुक्ला से संपूर्ण जानकारी ली एवं अवलोकन रजिस्टर में लिखा कि जब शासकीय संस्थाओं की सेवाओं से जनता जनार्दन संतुष्ट होती है तो निश्चय ही सेवक होने के नाते प्रसन्नता होती है। पोषण पुनर्वास केंद्र खातेगांव के निरीक्षण में सभी भर्ती बच्चियों के परिजनों ने संतोष व्यक्त किया जो निश्चय ही हमारे स्टाफ के परिश्रम का परिणाम है। बच्चों को शीघ्र स्वस्थ होने के लिए आशीर्वाद तथा श्रीमती पल्लवी शुक्ला फीडिंग डेमोंस्ट्रेटर सहित हमारे सीएमएचओ तथा बीएमओ भी प्रशंसा के पात्र हैं समस्त स्टाफ को साधुवाद। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सरोजिनी जेम्स बेक के द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उपलब्धि ,संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं तथा अस्पताल में दी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं की जानकारी माननीय मंत्री जी को दी गई । इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण सहित चिकित्सालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

## अनुकरणीय कार्य करने वालों का भजन गायक लख्खा ने किया सम्मान



**देवास।** नगर की सुप्रतिष्ठित श्री चामुंडा सेवा समिति अनेक वर्षो से सेवा कार्य करते हुए विविधि धार्मिक एवं सामाजिक कार्य करती आ रही है। मां चामुंडा सेवा समिति एवं बीएनपी सेवा समिति द्वारा संत-महात्माओं के सानिध्य में अन्नकूट महोत्सव, दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति संयोजक रामेश्वर जलोदिया के नेतृत्व में शारदीय नवरात्रि में लाखों श्रद्धालुओं की सेवा में समर्पित धार्मिक एवं सामाजिक सेवा के हर क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य करने वाले समाजसेवियों, दानदाताओं, मंदिर, मठ पुजारियों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्था के पदाधिकारियों, गोसेवकों, पत्रकारों, मातृशक्तियों का सम्मान समारोह व अन्नकूट महोत्सव बीएनपी श्रम कल्याण केन्द्र में आयोजित किया। सभी का बहुमान करने वालो से अभिभुद होकर सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय कुमार जैन लख्खा व साथियो द्वारा समिति के संयोजक जलोदिया का अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। जैन ने जलोदिया को अनमोल वचनो से युक्त प्रशस्ति पत्र व भगवा गमछा ओढ़ाकर सम्मान हुए उनके द्वारा वर्षभर किए जा रहे अनुकरणीय कार्यो सराहना की। इस दौरान बडी संख्या में समिति सदस्यों के साथ धर्मप्रेमी लोग उपस्थित थे।

## गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी बिरसा मुंडा जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



प्रदेश सरकार के निर्देशन में भाजपा संगठन द्वारा गौरव दिवस के रूप में बिरसा मुंडा जयंती मनाई जाएगी जिसको लेकर शनिवार के दिन रेस्ट हाउस बागली पर बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।

इस अवसर पर बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम प्रभारी कमल यादव सह प्रभारी खुशीलाल राठौर , जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी कमल यादव एवं सह प्रभारी सुशील राठौर ने बताया कि उक्त कार्यक्रम को लेकर प्रत्येक गांव में बैठके आयोजित की जाएगी। साथ ही प्रचार प्रसार रथ भी प्रारंभ किया जाएगा। अधिक से अधिक संख्या का लक्ष्य यहां पर रखा गया है। सभी आदिवासी बहुल गांव में इस कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासी समाज को जागरूक करना एवं बिरसा मुंडा के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके द्वारा दिए गए योगदान के बारे में जागरूक करना है। मुख्यालय पर भव्य रूप से आयोजन सरकार के निर्देशन में आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम को लेकर रुपरेखा तैयार की गई। इस दौरान सह प्रभारी टींकी बारेला, संतोष काकड़िया,गजरात डावर, संतोष देवडा,भगवान सिंह कासलीवाल, मुकेश वास्केल, मुकेश भुसारिया,आशिष पाटीदार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बागली विस के बीएलओ को प्रशिक्षण के माध्यम से एसआईआर की प्रक्रियाओं से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार तथा जिला कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवम यादव तथा तहसीलदार पीहू कुरील की उपस्थिति में बागली विधानसभा के 156 मतदान केंद्र के बूथ लेवल आफिसरों (बीएलओ) का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद सभागृह में मास्टर ट्रेनर वारिस अली तथा लोकेंद्र परिहार के द्वारा एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रियाओं को विस्तार से बताते हुए प्रदान किया। एसआईआर के दौरान बीएलओ को घर घर जाकर 4 नवम्बर से 4 दिसंबर तक प्रत्येक मतदाता का ई एफ फार्म कंप्लीट करना है तथा उसके बाद मोबाइल एप के माध्यम से आनलाइन कार्य भी पूर्ण करना है। बीएलओ एप की विस्तृत जानकारी निर्वाचन शाखा असिस्टेंट प्रोग्रामर नवनीत व्यास ने प्रदान की।

एसआईआर के दौरान 9 दिसंबर को मसौदा सूची का प्रकाशन होगा। इस प्रक्रिया के दौरान 9 दिसंबर से 8 जनवरी 26 तक दावे आपत्ति तथा 9 दिसंबर से 31 जनवरी 26 तक सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया संपन्न होगी। 7 फरवरी 26 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन संपन्न हुआ।उक्त जानकारी निर्वाचन शाखा प्रभारी प्रहलाद चावड़ा ने प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थिति दर्ज करने के साथ अन्य व्यवस्था में शाखा के जुगल किशोर अमडावदिया,अनिल मकवाना का सहयोग रहा।

## क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य ने अमलतास अस्पताल में हेयर ट्रांसप्लांट ओटी व स्किन ओपीडी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल देवास ने चिकित्सा के क्षेत्र में एक नई सौगात देवास और उसके आसपास के जिलों के रहवासियों को दी है। अस्पताल में हेयर ट्रांसप्लांट ओटी एवं नवीन स्किन ओपीडी का भव्य शुभारंभ शनिवार को किया गया। यह पहल देवास और आस-पास के क्षेत्रों की जनता के लिए एक बड़ी सौगात है, जहाँ अब महानगरों में होने वाली अत्याधुनिक सर्जरी और इलाज एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे।

नवीन ओपीडी का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं उज्जैन संभाग क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ. दीपक पिप्पल के कर-कमलों द्वारा किया गया।देवास की पहली अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित ओटी में उच्च गुणवत्ता वाले हेयर ट्रांसप्लांट और जटिल त्वचा रोगों जिसमे सफ़ेद दाग,मस्सा , किल मुंहासे, फंगल इन्फेक्शन, चेहरे के गड्ढे, दाद -खाज ,इत्यादि इलाज अब अत्यंत किफायती दरों पर उपलब्ध होंगे।अस्पताल के सुप्रसिद्ध केश एवं चर्म रोग विशेषज्ञ अब चमड़ी से सम्बंधित सभी बीमारियों के निदान और उपचार के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे।मुख्य अतिथि डॉ. दीपक पिप्पल ने इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उन्होंने कहाः≍यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि अमलतास अस्पताल देवास में यह नवीन सौगात लेकर आया है। यह सुविधा क्षेत्र की जनता के लिए हर्ष का विषय है क्योंकि अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ उपचार के लिए दूर के शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस अवसर पर अमलतास विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. शरदचन्द्र वानखेड़े, वॉइस चैयरमेन देवेंद्र दुबे , रजिस्टार संजय रामबोले , मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. ए.के. पिठवा, अस्पताल निदेशक डॉ. प्रशांत नर्सिंग प्रिंसिपल डॉ. संगीता तिवारी, फार्मेसी प्रिंसिपल डॉ. नीलम खान, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय पंचोली, डॉ. अभिषेक मालवीय , डॉ. शिवांक श्रीवास्तव, डॉ. वरुण कुमार,डॉ. त्रशिता राजानी , डॉ.झीनी नायक उपस्थित थे। इस अवसर पर अमलतास सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया ने कहा की हमारा लक्ष्य हमेशा से ही लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना रहा है। हेयर ट्रांसप्लांट ओटी और स्किन ओपीडी के उद्घाटन से हम एक कदम और आगे बढ़े हैं। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि यहाँ विश्वस्तरीय इलाज और उपकरण के साथ-साथ मरीजों को स्नेह और समर्पण की भावना से सेवा मिले।

### ब्रह्मबन्धुत्व संस्था का अन्नकूट महोत्सव व स्नेह सम्मेलन संपन्न

# संस्था ने शिक्षा क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बीएनपी ब्रह्मबन्धुत्व संस्था देवास का अन्नकूट एवं वार्षिक स्नेह सम्मेलन श्रम कल्याण केन्द्र बीएनपी पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। संस्था के अध्यक्ष घनश्याम पंडित एवं महासचिव पं राजकुमार शर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पं देवकृष्ण व्यास एवं पूर्व महापौर पं सुभाष शर्मा द्वारा भगवान श्रीनाथ को छप्पन व्यंजनों का भोग लगाया गया एवं सभी अतिथि एवं उपस्थित जनों के साथ भगवान श्रीनाथ जी की आरती उतारी। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि पं गंगेश्वर जोशी, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पं दिनेश मिश्रा,पूर्व अध्यक्ष एवं संस्था के संरक्षक पं संजय शुक्ला,देवास नगर निगम के पार्षद पं दीपेश कानूनगो, शंकरलाल शर्मा थे। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ एवं संस्था की सेवा एवं सहयोग करने वाले सम्मानीय व्यक्तियों का सम्मान उन्हें स्मृति चिन्ह,पदक भेंटकर एवं चुनरी उडाकर किया गया। संस्था के शिक्षा क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चे एवं बच्चियों को पुरस्कृत किया गया। अतिथियों के भाषण में,पं गंगेश्वर जोशी ने कहा कि ब्राह्मणों को अपने बच्चों को संस्कारित करना चाहिए। देवकृष्ण व्यास ने कहा कि जन्मदिन इत्यादि हिन्दू कलेन्डर अर्थात तिथि के अनुसार मनाने चाहिए। महिलाओं एवं बच्चों की चेयर रेस एवं बाल फेंक प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली महिलाओं एवं बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। पं महेन्द्र स्थापक द्वारा उपस्थित जनों को तुलसी के पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम में चन्द्रशेखर दुबे ,मधुसूदन शर्मा,राहुल शर्मा,महेन्द्र शर्मा, जगदीश कानूनगो, अशोक चौबे, विष्णु शर्मा,डी पी शुक्ला, मांगीलाल तिवारी, राधेशयाम तिवारी,नरेन्द्र नागर,विष्णु पुराणिक,मुकेश जोशी, राजन मिश्रा, देवकी नंदन समाधिया,डॉ.सुरेश शर्मा, सुरेश शर्मा, राजेश तिवारी, अभिषेक अवस्थी, राहुल त्रिवेदी, तरुण मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा,आदेश त्रिपाठी, पुरुषोत्तम जोशी, विपुल तिवारी, आलोक चौबे,कुलदीप चौधरी, देवेन्द्र तिवारी, अनिल शर्मा, धर्मेन्द्र नागर,नरेश भार्गव, रामकृष्ण मिश्रा, के के चौबे, ब्रह्मानंद केष्टवाल, राजकुमार शर्मा, शरद शुक्ला,सतीश दुबे, आकाश अवस्थी आदि बहुसंख्या में विप्रबन्धु परिवार सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रुपराम मिश्रा एवं जगदीश कानूनगो ने किया। आभार प्रदर्शन राजकुमार शर्मा ने किया। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया,उपरोक्त जानकारी अशोक चौबे ने दी।

## सार्वजनिक स्थान पर कचरा डालने पर निगम ने की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा शहर मे सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी करने वाले व्यवसायी व नागरिकों पर चालानी कार्रवाई किए जाने के निर्देश निगम स्वास्थ्य विभाग की टीम को दिए गए है। शुक्रवार को वार्ड 38 मे सुपर मार्केट के सामने राजकमल बैंड के संचालक द्वारा सार्वजनिक स्थान पर गंदगी करने और जवाहर चौक आनंद इलेक्ट्रिक संचालक द्वारा अपनी दुकान के सामने सार्वजनिक स्थान पर गंदगी करने पर निगम टीम द्वारा रूपये 5 सौ व रुपये 3 सौ का स्पॉट फाइन कर चालानी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार वार्ड 19 गोमती नगर मे स्थित जुडियो शोरूम कर्मचारियों द्वारा खुले प्लाट पर कचरा डालने पर रूपये 2 हजार व वार्ड 21 रेलवे क्रासिंग पर अपोलो फार्मेसी द्वारा कचरा डालने पर रूपये 2 हजार का स्पॉट फाइन कर चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई मे निगम स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार, विजय सांगते, दरोगा ऋषि निगम, मांगीलाल पथरोड, सोनू आदि उपस्थित रहे।